राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को NAAC नेक रैंकिंग हेतु बैठक आयोजित

राज्यपाल ने कहा, सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की समयबद्ध नेक रैंकिंग करवाने के कार्यवाही हो

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों को NAAC नेक रैंकिंग सुनिश्चित कराने के लिए विशेष बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में राज्यपाल ने राज्य के सभी वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की आवश्यक रूप से नेक रैंकिंग करवाने और इसके लिए सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी से इस संबंध में विश्वविद्यालयों के अंतर्गत ऑनलाइन व ऑफलाइन डाक्यूमेंटेशन शुरू करने और शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि, विश्वविद्यालय में मौलिक शोध और पेटेंट आदि जरूरी मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आह्वान किया।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाइन के अनुसार इस संबंध में तैयारी करने तथा विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर की स्थापना करने, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र प्रेम आदि पर पाठ्यक्रम चलाए जाने पर चर्चा हुई।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने नेक कमेटी के अंतर्गत विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग करवाने के लिए समयबद्ध और प्राथमिकता से कार्य किए जाने पर जोर दिया।

बैठक में इस अवसर पर नेक कमेटी संयोजक डॉ. आरुषि अजय मलिक, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार एवं कमेटी सदस्य प्रो. आंनद भालेराव, कुलपति राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय किशनगढ़ अजमेर, प्रो कन्हैया लाल श्रीवास्तव, कुलपति जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर, प्रो. सुनीता मिश्रा, कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, डॉ. कैलाश सोडाणी, कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, प्रो. एस. के सिंह, कुलपति राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा मौजूद रहे।

———